राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम का वित्तीय संकट

1672. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आयात-निर्यात को बंद करने के बाद राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम को धन की कमी हो गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके माध्यम से होने वाले आयात-निर्यात को बंद करने का क्या औचित्य है;

(ग) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम को सौंपे गए कार्यों को पूरा करने के लिए उसे पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने को सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है;

(घ) क्या राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम को उसकी आवश्यकतानुसार पर्याप्त संसाधन मुहैय्या किए जाते हैं।

(घ) और (ङ) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के कार्य-निष्पादन की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

फ्रीक्वेंसी माड्यूल/आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना में प्रगति

1673. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में फीक्वेंसी माड्यूल/आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना करने में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन केन्द्रों द्वारा कब तक कार्य शुरू कर दिए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) और (ख) आकाशवाणी की सातवीं पंचवर्षीय योजना में, मध्य प्रदेश में 10 नए एफ. एम. रेडियो स्टेशनों की स्थापना की परिकल्पना की गई थी। सभी 10 रेडियो केन्द्र चालू किए जा चुके हैं। ब्यौरे विवरण में दर्शाये गए हैं।

विवरण

क्रम संख्या	एफ. एम. रेडियो स्टेशन	
1.	खंडवा	2X3 कि. वा. एफ. एम. ट्रांसमीटर
2.	बैतूल	—तथैव—
3.	बिलासपुर	—तथैव—